प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार रांची सदर के सीओ की संपत्ति की जांच करायेगी राज्य सरकार, डीजीपी ने कहा– भ्रष्टाचार से नहीं होगा समझौता।
- एडीजी प्रशिक्षण सुमन गुप्ता ने नये आपराधिक कानूनों को लेकर सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ की बैठक, ई–साक्ष्य एप पर वीडियो और फोटो अपलोड करने का निर्देश।
- रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर के लिए सात से सोलह जनवरी तक रेलवे लेगा ब्लॉक, कई ट्रेनें रद्द, कईयों के मार्ग में परिवर्तन।
- दिल्ली में आयोजित 9वीं राष्ट्रीय लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड की पुरुष और बालिका टीम बनी चैंपियन, चार स्वर्ण समेत दस पदकों पर जमाया कब्जा।

*****************

राज्य सरकार रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार रांची सदर अंचल के सीओ मुंशी राम की संपत्ति की जांच करायेगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जांच में अगर आरोपी सीओ के पास आय से अधिक संपत्ति का पता चलता है तो उनके खिलाफ इस मामले में अलग से प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए जन सहभागिता जरुरी है।

गौरतलब है कि रांची सदर के अंचल अधिकारी को जमीन का सीमांकन कराने की एवज में 37 हजार रुपये रिश्वत लेते कल एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। बाद में उनके घर की तलाशी भी ली गयी, जिसमें 11 लाख 42 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

*****************

राज्य में तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में एडीजी प्रशिक्षण सुमन गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक की। बैठक में ई–साक्ष्य एप के इस्तेमाल की समीक्षा की गयी। एडीजी ने सभी एसपी को घटना से संबंधित वीडियो और फोटो ई–साक्ष्य एप पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

*****************

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म अब कॉमन सर्विस सेंटर– सीएससी में नहीं भरा जा सकेगा। राज्य सरकार ने सीएससी के साथ समझौता रद्द कर दिया है। महिला बाल विकास विभाग की निदेशक समीरा एस के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2024 के बाद सीएससी के जरिये आवेदन लेने और उनके डिजिटलीकरण का काम बंद कर दिया गया है। अब सीएससी की सेवा की जरुरत नहीं है। हालांकि नयी व्यवस्था के बारे में अब तक सरकार की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

*****************

रांची के सिरमटोली–मेकॉन फ्लाईओवर में केबल स्टे ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की ओर से सात से सोलह जनवरी तक ब्लॉक मिलेगा। इसके लिए शिड्यूल तय हो गया है। सात से बारह जनवरी तक चार घंटे का ब्लॉक मिलेगा जबकि तेरह से सोलह जनवरी तक दो–दो घंटे का ब्लॉक मिलेगा। ब्लॉक लिये जाने के कारण 16 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

*****************

नए साल 2025 में कोडरमा के छात्रों को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी सौगात मिलेगी। राज्य सरकार से एमओयू के बाद बागीटांड में सीवी रमन यूनिवर्सिटी खोले जाने का रास्ता साफ हो गया है।

*****************

जमशेदपुर जिला प्रशासन द्वारा जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 11वीं कक्षा के बच्चों को शहर के निजी कंपनियों और संस्थाओं में एक्सपोजर विजिट कराने की योजना है। इस सिलसिले में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में चिन्हित कंपनियों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त ने बताया कि पहले चरण के लिए 15 स्कूलों को एक्सपोजर विजिट के लिए चिन्हित किया गया है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

देवघर जिले में पुस्तक मेला 2025 की तैयारियां जोर शोर से जारी है। मेले के प्रधान संरक्षक और सांसद डा. निशिकांत दुबे ने पुस्तक क्रय के लिए सांसद निधि से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की है।
देवघर पुस्तक मेला के संयोजक डॉ. सुभाष चन्द्र राय ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 21 जनवरी को सर्वभाषा कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा। इसमें असम, नेपाल, बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड से विविध भाषाओं के कवि भाग लेंगे।

*****************

पूर्वी सिंहभूम जिले में 11 जनवरी से प्रखण्ड स्तर पर दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस सिलसिले में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सिविल सर्जन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया है। श्री मित्तल ने कहा कि शिविर में दिव्यांगता की जांच कर प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

*****************

पलामू जिले के सतबरबा थाना क्षेत्र में डालटनगंज–रांची मुख्य पथ पर आज सुबह एक यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। इनमें 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को तुंबागड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के पीछे कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की आशंका जताई जा रही है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवित्रीबाई फुले को उनकी जंयती पर श्रद्धांजति दी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर प्रधानमंत्री ने सवित्रीबाई फुले को महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार और शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत और मार्गदर्शक बताया।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सावित्रीबाई फूले को नमन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोरेन ने कहा है कि अबुआ सरकार झारखण्ड की लाखों बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का काम कर रही है।

*****************

दिल्ली के डीपीएस आरके पुरम में 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक खेली गई 9वीं राष्ट्रीय लॉन बाउल्स प्रतियोगिता में 25 वर्ष आयु वर्ग में झारखंड की पुरुष और बालिका टीम चौंपियन बनी है। वहीं महिला वर्ग में झारखंड की टीम ओवर ऑल उपविजेता रही। 9वीं राष्ट्रीय लॉन बाउल्स प्रतियोगिता में झारखंड को चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक मिले हैं।

**************